मध्यप्रदेश
दैनिक भास्कर, इंदौर, सोमवार, 6 अप्रैल, 2015

साइबर ज्ञान होने से कोई हमें शिकार नहीं बना सकता

मैनेजमेंट मार्शल्स द्वारा आयोजित कार्यशाला में आईजी ने दी जानकारी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

कम्प्यूटर-इंटरनेट जहां हमारे काम आसान कर रहा है वहीं इससे अकल्पनीय क्राइम भी बढ़ते जा रहे हैं। इनसे बचने का एक ही तरीका है और वो है साइबर का ज्ञान।

यह बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने रविवार को मैनेजमेंट मार्शल्स द्वारा आयोजित कार्यशाला में कही। उन्होंने बताया साइबर अपराधी इंटरनेट के माध्यम से केंद्रीय कार्यालय, राज्य शासन व अन्य संस्थाओं की गोपनीय जानकारी किस प्रकार वायरल कर बाहर भेजकर या गलत इस्तेमाल कर देश को नुकसान पहुंचाते हैं। कई नासमझ लोगों से भी अनजाने में ऐसे अपराध हो जाते हैं। अगर हमें इस टेक्नोलॉजी का ज्ञान होगा या हम जागरूक रहेंगे तो न हमसे साइबर अपराध होंगे न हम इनके शिकार होंगे। उन्होंने कहा नए संचार साधनों का उपयोग करने वालों को आईटी एक्ट की जानकारी भी होना चाहिए, इससे गलती नहीं होगी। आईजी ने क्लब सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यशाला में मौजूद सदस्यों ने आईजी द्वारा दी गई जानकारी को उपयोगी बताया। इस अवसर मैनेजमेंट मार्बल्स ग्रुप ने आईजी कपूर का सम्मान किया।

कार्यशाला में जानकारी देते आईजी वरुण कपूर।